## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पूर्णिया में आदिवासी परिवार के पांच लोगों को नृशंस हत्या से झारखंड में आक्रोश, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार के सीएम से की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग, कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल आज जायेगा पूर्णिया।
2. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज देवघर में श्रावणी मेले की तैयारियों की करेंगे समीक्षा, श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने पर होगी चर्चा।
3. सरकार ने जानकी यादव को नियुक्त किया पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष, राज्य में तेज होगी निकाय चुनाव की प्रक्रिया।
4. राज्य में मानसून सक्रिय, रांची में सबसे अधिक 670 दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड, देवघर में सबसे कम 162 दशमलव 9 मिलीमीटर हुई वर्षा।
5. 19वीं जूनियर बालिका राज्य स्तरीय  खो–खो प्रतियोगिता 11 जुलाई से चतरा में, राज्य भर की टीमें लेंगी हिस्सा।

**********************

बिहार के पूर्णिया में अंधविश्वास में आदिवासी परिवार के पांच लोगों की हत्या से झारखंड में आक्रोश है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना की निंदा करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस बीच झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज पूर्णिया जायेगा। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं चिंता का विषय है।

इधर, भाजपा ने भी घटना की निंदा की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि डायन–बिसाही जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ सभी राजनीतिक पार्टियों को दलगत भावना से ऊपर उठकर आगे आना चाहिए।

**********************

देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले की तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में आज राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी मेले को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बैठक में श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार देवघर आने वाले शिवभक्तों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********************

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आई हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य में महिलाओं से जुड़े लंबित मामलों की समीक्षा की और कई सरकारी विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने घोषणा की कि अब राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से झारखंड के हर जिले में अदालतें लगाई जाएंगी, ताकि महिलाओं की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**********************

बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नए अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। साथ ही गिरिडीह के नरेश वर्मा को आयोग का मनोनीत सदस्य बनाया गया है। इस नई नियुक्ति के साथ ही राज्य में निकाय चुनाव की प्रक्रिया को गति मिलने की संभावना जताई जा रही है। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में इसे अहम नियुक्ति के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से आयोग में अध्यक्ष पद खाली था।

**********************

राज्य में मछली पालन के व्यवसाय से कई किसानों की जिन्दगी संवर रही है। उनमें से एक हैं धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड अंतर्गत सुकूडीह के नसरुल्लाह अंसारी। मूलतः किसान हैं। इन्होंने कृषि के साथ – साथ मछली पालन के अपनाया। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से पूंजी प्राप्त कर इन्होंने अपने तालाब में मछली पालन शुरू किया और अब नसरुल्लाह की जिंदगी बदल गई है और वे आर्थिक रुप से सशक्त हुए हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण कहती हैं कि धनबाद जिले में केज कल्चर के जरिए मछली उत्पादन की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने युवाओं से मत्स्य पालन के लिए आगे आने की अपील की है।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग में मैन पावर की कमी दूर करने की पहल तेज कर दी गयी है।

**********************

अमेरिका–भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। अंतिम समाचार मिलने तक बम्बई शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक 83 हजार 320 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25 हजार 424 पर था।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत नब्बे हजार एक सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 13 हजार रूपये है।

**********************

इस वर्ष राज्य में सबसे अधिक बारिश राजधानी रांची में दर्ज की गई, जबकि सबसे कम बारिश देवघर जिले में हुई है। रांची में एक जून से सात जुलाई तक 263 के मुकाबले 670 दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं देवघर जिले में 254 दशमलव 6 के मुकाबले केवल 162 दशमलव 9 मिलीमीटर ही बारिश रिकॉर्ड की गई।

**********************

19वीं जूनियर बालिका राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता 11 जुलाई से चतरा में आयोजित होगी। झारखंड राज्य खो–खो संघ ने सभी जिला इकाइयों को इसकी जानकारी दे दी है। गौरतलब है कि पहले यह प्रतियोगिता दो से चार जुलाई तक चतरा में ही प्रस्तावित थी लेकिन दिल्ली में भारतीय खो–खो संघ की कार्यकारिणी का चुनाव होने के कारण इस तिथि में परिवर्तन किया गया है।

****************